कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर–208002

संख्याः1062/अदम/जी0ए0/डीन–प्रभारी/2025 दिनांकः सितम्बर 30, 2025

:: कार्यालय–ज्ञाप ::

मा0 कुलपति महोदय द्वारा दिये गये अनुमोदन के क्रम में प्रो0 ललित कुमार सिंह, बायोकेमिकल इंजी विभाग के अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप का कार्यकाल दिनांक 01.10.2025 को पूर्ण होने के दृष्टिगत प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग को अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप का कार्य एवं दायित्व 02 वर्षों/अग्रिम आदेशों तक की अवधि के लिये सौंपा जाता है।

उक्त अतिरिक्त कार्य एवं दायित्व के निर्वहन हेतु प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक को कोई मानदेय/भत्ता देय नहीं होगा। पूर्व अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप के साथ सम्बद्ध सभी सह–अधिष्ठताओं की नियुक्तियाँ मा0 कुलपति महोदय द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गयी हैं। नव–नियुक्त अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप नवीन सह–अधिष्ठाता नियुक्ति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेगें।

मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रो0 ललित कुमार सिंह, बायोकेमिकल इंजी विभाग के द्वारा अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप के रूप में किये गये कार्यों की सराहना की गयी हैं।

(कुलसचिव)

प्रतिलिपिः निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी/वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. प्रो0 ललित कुमार सिंह, बायोकेमिकल इंजी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. सम्बन्धित की व्यक्तिगत पत्रावली।
8. गार्ड फाइल।

(कुलसचिव)